लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम Indian Express
दिनांक 28.2.2020 पृष्ठ सं 4 कॉलम 2



**CCSHAU (CLIMATE SMART FARMING)**

Under the Scheme for Promotion of Academic and Research Collaboration (SPARC) of Ministry of Human Resource Development (MHRD), Govt. of India, a Ph.D student Ms. Navreet Bassi from Chaudhary Charan Singh Haryana Agriucltural University, Hisar will visit Zurich based Swiss Federal Institute of Technology (ETH) in Switzerland (a world's 6th ranked institute) for 3 months from 24 Feb. to 24 May, 2020.

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........ हरि. भूमि ........

दिनांक 28. 2. 2020 ...... पृष्ठ सं. 14 ...... कॉलम 2-4 ......

# हकृवि में फलों और सब्जियों के प्रसंस्करण पर प्रशिक्षण आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

हकृवि के खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी केंद्र में एससी युवाओं के लिए फल और सब्जियां प्रसंस्करण पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किया गया। अधिष्ठाता, कृषि इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं कन्ट्रोलिंग अधिकारी, सीएफएसटी, डॉ. आरके झोरड़ ने कहा कि यह पाठ्यक्रम विशेष रूप से 18 से 25 वर्ष के बीच की आयु के बारहवीं पास एससी युवाओं के लिए है और 26 फरवरी से 4 मार्च तक चलेगा। विभागीय चयन समिति द्वारा पहले आओ पहले पाओ के आधार पर पच्चीस उम्मीदवारों का चयन किया गया था। उन्होने बताया कि हमारे देश में उत्पादित फलों और सब्जियों का लगभग 25-30 प्रतिशत फल फसल की उचित हैंडलिंग, भंडारण, परिवहन, वितरण और प्रसंस्करण सुविधाओं की कमी के कारण बर्बाद हो जाता है। इन नुकसानों को मूल्य वर्धित खाद्य उत्पादों में अधिशेष उत्पादन को संसाधित करके बचाया जा सकता है। डॉ. राकेश गहलोत ने कहा कि इस प्रकार के रोजगार सृजन पाठ्यक्रम इस केंद्र द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि इच्छुक युवाओं को अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए फलों और सब्जियों की नवीनतम वैज्ञानिक प्रसंस्करण तकनीकों से परिचित कराया जा सके। पाठ्यक्रम समन्वयक, डॉ. रेखा और डॉ. रितु ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तैयार पेय, अमृत, स्क्वैश और सिरप, जैम, जेली, मुरब्बा, पनीर, टॉफी, सॉस, चटनी, अचार, मुरब्बा, कैंडी, आदि जैसे मूल्य वर्धित फलों और सब्जियों के उत्पादों के प्रसंस्करण और संरक्षण पर व्यावहारिक प्रदर्शन किया जाएगा।



हिसार। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते डॉ. राकेश गहलोत ।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........अमर उजाला........

दिनांक....28.2.2020.... पृष्ठ सं....6.... कॉलम....5-6....

## फल और सब्जियों के प्रसंस्करण के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू



**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएचू) के खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी केंद्र में एससी युवाओं के लिए फल और सब्जियां के प्रसंस्करण पर साप्ताहिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किया गया। कृषि इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आरके झोरड़ ने कहा कि देश में भंडारण, परिवहन, वितरण और प्रसंस्करण सुविधाओं की कमी के कारण उत्पादित फल और सब्जियां लगभग 25 से 30 प्रतिशत तक बर्बाद हो जाती है। इस नुकसान को मूल्य व्रर्धित खाद्य उत्पादों में अधिशेष उत्पादन को संसाधित करके बचाया जा सकता है। डॉ. राकेश गहलोत ने कहा कि केंद्र की ओर से समय-समय पर रोजगार सृजन पाठ्यक्रम करवाए जा रहे हैं ताकि युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए फलों और सब्जियों की नवीनतम वैज्ञानिक प्रसंस्करण तकनीकों की जानकारी दी जा सके। पाठ्यक्रम समन्वयक, डॉ. रेखा और डॉ. रितु ने बताया कि कार्यक्रम में तैयार पेय, अमृत, स्क्वेश और सिरप, जैम, जेली, पनीर, टॉफी, सॉस, चटनी, अचार आदि जैसे मूल्य वर्धित फलों और सब्जियों के उत्पादों के प्रसंस्करण और संरक्षण पर व्यावहारिक प्रदर्शन किया जाएगा। यह पाठ्यक्रम 18 से 25 वर्ष की आयु के 12वीं पास एससी युवाओं के लिए है। विभागीय चयन समिति की ओर से पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर 25 उम्मीदवारों का चयन किया गया था।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक भास्कर....
दिनांक..28-2-2020.... पृष्ठ सं....3.... कॉलम....7....

# एचएयू में फलों और सब्जियों की पैदावार के लिए प्रशिक्षण शुरू



**हिसार** | एचएयू के खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी केंद्र में एससी युवाओं के लिए फल और सब्जियां प्रसंस्करण पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किया गया। इसमें युवाओं को नई तकनीक की जानकारी दी। अधिष्ठाता, कृषि इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं कंट्रोलिंग अधिकारी, सीएफएसटी, डॉ. आरके झोरड़ ने कहा कि यह पाठ्यक्रम विशेष रूप से 18 से 25 वर्ष के बीच की आयु के 10+2 पास एससी युवाओं के लिए है। 4 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। विभागीय चयन समिति ने पहले आओ पहले पाओ के आधार पर पच्चीस उम्मीदवारों का चयन किया था।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक जागरण....
दिनांक....28.2.2020.... पृष्ठ सं....19.... कॉलम....6-7....

# फलों व सब्जियों के प्रसंस्करण पर हुआ प्रशिक्षण आरंभ

जासं, हिसारः चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी केंद्र में एससी युवाओं के लिए फल और सब्जियां प्रसंस्करण पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किया गया। अधिष्ठाता, कृषि इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं कन्ट्रोलिंग अधिकारी, सीएफएसटी, डा. आरके झोरड़ ने कहा कि यह पाठ्यक्रम विशेष रूप से 18 से 25 वर्ष के बीच की आयु के 12वीं पास एससी युवाओं के लिए है और 26 फरवरी से 04 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।

विभागीय चयन समिति द्वारा पहले आओ पहले पाओ के आधार पर पच्चीस उम्मीदवारों का चयन किया गया था। उन्होंने बताया कि हमारे देश में उत्पादित फलों और सब्जियों का लगभग 25-30 प्रतिशत फल फसल की उचित हैंडलिंग, भंडारण, परिवहन, वितरण और प्रसंस्करण सुविधाओं की कमी के कारण बर्बाद हो जाता है। इन नुकसानों को मूल्य वर्धित खाद्य उत्पादों में अधिशेष उत्पादन को संसाधित करके बचाया जा सकता है। पाठ्यक्रम समन्वयक, डॉ. रेखा और डॉ. रितु ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तैयार पेय, अमृत, स्क्वैश और सिरप, जैम, जेली, मुरब्बा, पनीर, टॉफी, सॉस, चटनी, अचार, मुरब्बा, कैंडी, आदि जैसे मूल्य वर्धित फलों और सब्जियों के उत्पादों के प्रसंस्करण और संरक्षण पर व्यावहारिक प्रदर्शन किया जाएगा।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........नभ छोर........
दिनांक 27.2.2020 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 4-6

# फलों और सब्जियों के प्रसंस्करण पर प्रशिक्षण आरंभ



हिसार/27 फरवरी/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी केंद्र में एससी युवाओं के लिए फल और सब्जियां प्रसंस्करण पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किया गया। अधिष्ठाता, कृषि इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं कन्ट्रोलिंग अधिकारी, सीएफएसटी, डॉ. आरके झोरड़ ने कहा कि यह पाठ्यक्रम विशेष रूप से 18 से 25 वर्ष के बीच की आयु के 10 + 2 पास एससी युवाओं के लिए है और 04. मार्च 2020 तक आयोजित किया जाएगा। विभागीय चयन समिति द्वारा पहले आओ पहले पाओं के आधार पर पच्चीस उम्मीदवारों का चयन किया गया था। उन्होंने बताया कि हमारे देश में उत्पादित फलों और सब्जियों का लगभग 25-30 प्रतिशत फल फसल की उचित हैंडलिंग, भंडारण, परिवहन, वितरण, और प्रसंस्करण सुविधाओं की कमी के कारण बर्बाद हो जाता है। इन नुकसानों को मूल्य वर्धित खाद्य उत्पादों में अधिशेष उत्पादन को संसाधित करके बचाया जा सकता है। डॉ. राकेश गहलोत ने कहा कि इस प्रकार के रोजगार सृजन पाठ्यक्रम इस केंद्र द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि इच्छुक युवाओं को अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए फलों और सब्जियों की नवीनतम वैज्ञानिक प्रसंस्करण तकनीकों से परिचित कराया जा सके। पाठ्यक्रम समन्वयक, डॉ. रेखा और डॉ. रितु ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तैयार पेय, अमृत, स्क्वैश और सिरप, जैम, जेली, मुरब्बा, पनीर, टॉफी, सॉस, चटनी, अचार, मुरब्बा, कैंडी; आदि जैसे मूल्य वर्धित फलों और सब्जियों के उत्पादों के प्रसंस्करण और संरक्षण पर व्यावहारिक प्रदर्शन किया जाएगा।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......पाठक पक्ष......

दिनांक....27.2.2020..... पृष्ठ सं.....5..... कॉलम....1-2....

# हकृवि में फलों और सब्जियों के प्रसंस्करण पर प्रशिक्षण आरंभ



हिसार, 27 फरवरी (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी केंद्र में एससी युवाओं के लिए फल और सब्जियां प्रसंस्करण पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किया गया। अधिष्ठाता, कृषि इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं कन्ट्रोलिंग अधिकारी, सीएफएसटी, डॉ. आरके झोरड़ ने कहा कि यह पाठ्यक्रम विशेष रूप से 18 से 25 वर्ष के बीच की आयु के 10+2 पास एससी युवाओं के लिए है और 26 फरवरी से 04 मार्च 2020 तक आयोजित किया जाएगा। विभागीय चयन समिति द्वारा पहले आओ पहले पाओ के आधार पर पच्चीस उम्मीदवारों का चयन किया गया था। उन्होंने बताया कि हमारे देश में उत्पादित फलों और सब्जियों का लगभग 25–30 प्रतिशत फल फसल की उचित हैंडलिंग, भंडारण, परिवहन, वितरण और प्रसंस्करण सुविधाओं की कमी के कारण बर्बाद हो जाता है। इन नुकसानों को मूल्य वर्धित खाद्य उत्पादों में अधिशेष उत्पादन को संसाधित करके बचाया जा सकता है। डॉ. राकेश गहलोत ने कहा कि इस प्रकार के रोजगार सृजन पाठ्यक्रम इस केंद्र द्वारा समय–समय पर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि इच्छुक युवाओं को अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए फलों और सब्जियों की नवीनतम वैज्ञानिक प्रसंस्करण तकनीकों से परिचित कराया जा सके। पाठ्यक्रम समन्वयक, डॉ. रेखा और डॉ. रितु ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तैयार पेय, अमृत, स्क्वैश और सिरप, जैम, जेली, मुरब्बा, पनीर, टॉफी, सॉस, चटनी, अचार, मुरब्बा, कैंडी, आदि जैसे मूल्य वर्धित फलों और सब्जियों के उत्पादों के प्रसंस्करण और संरक्षण पर व्यावहारिक प्रदर्शन किया जाएगा।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: सिटी पल्स
दिनांक: 27.2.2020 पृष्ठ सं.: 2 कॉलम: 1-5

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में फलों और सब्जियों के प्रसंस्करण पर प्रशिक्षण आरंभ

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी केंद्र में एससी युवाओं के लिए फल और सब्जियां प्रसंस्करण पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किया गया। अधिष्ठाता, कृषि इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं कन्ट्रोलिंग अधिकारी, सीएफएसटी, डॉ. आरके झोरड़ ने कहा कि यह पाठ्यक्रम विशेष रूप से 18 से 25 वर्ष के बीच की आयु के 12वीं पास एससी युवाओं के लिए है और 26 फरवरी से 04 मार्च 2020 तक आयोजित किया जाएगा। विभागीय चयन समिति द्वारा पहले आओ पहले पाओ के आधार पर पच्चीस उम्मीदवारों का चयन किया गया था।



हिसार। डॉ. राकेश गहलोत प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए।

उन्होंने बताया कि हमारे देश में उत्पादित फलों और सब्जियों का लगभग 25-30 प्रतिशत फल फसल की उचित हैंडलिंग, भंडारण, परिवहन, वितरण और प्रसंस्करण सुविधाओं की कमी के कारण बर्बाद हो जाता है। इन नुकसानों को मूल्य वर्धित खाद्य उत्पादों में अधिशेष उत्पादन को संसाधित करके बचाया जा सकता है।

डॉ. राकेश गहलोत ने कहा कि इस प्रकार के रोजगार सृजन पाठ्यक्रम इस केंद्र द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि इच्छुक युवाओं को अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए फलों और सब्जियों की नवीनतम वैज्ञानिक प्रसंस्करण तकनीकों से परिचित कराया जा सके। पाठ्यक्रम सम्न्वयक, डॉ. रेखा और डॉ. रितु ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तैयार पेय, अमृत, स्क्वैश और सिरप, जैम, जेली, मुरब्बा, पनीर टॉफी, सॉस, चटनी, अचार, मुरब्बा, कैंडी, आदि जैसे मूल्य वर्धित फलों और सब्जियों के उत्पादों के प्रसंस्करण और संरक्षण पर व्यावहारिक प्रदर्शन किया जाएगा।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर
दिनांक 28.2.2020 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 3-5

# एचएयू में व्यक्तित्व विकास पर चल रहे प्रशिक्षण का समापन

भास्कर न्यूज | हिसार


प्रशिक्षण के समापन पर उपस्थित मुख्यअतिथि व अन्य।

एचएयू के छात्र कल्याण निदेशालय में कैरियर एंड प्लेसमेंट सेल के व्यक्तित्व विकास विषय पर आयोजित चौदह दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हो गया। मुख्य अतिथि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कठिन मेहनत, दृढ़ निश्चय व सकारात्मक दिशा व दशा को आधार बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि 'कर-कर के सीखने' वाली विधि से ही जीवन में सतत् प्रयास करने की प्रेरणा मिलती है, जोकि सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने इस कार्यशाला के सफल समापन पर 22 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट वितरित किए। कैरियर व प्लेसमेंट सैल के सहायक छात्र कल्याण निदेशक डॉ. ओमेन्द्र सांगवान ने विद्यार्थियों को कॅरिअर से संबंधित विविध प्रकार के टिप्स प्रदान किए। कार्यशाला के कोर्स-कोर्डिनेटर डॉ. देवेन्द्र सिंह ने कार्यशाला में होने वाली गतिविधियों पर आयोजित व्याख्यानों पर व्यावहारिक प्रकाश डालते हुए बताया कि आधुनिक समय में इस प्रकार की कार्यशालाओं से विद्यार्थियों का चंहुमुखी विकास होता है। इस अवसर पर स्वागत भाषण प्रीतम कुमार ने प्रस्तुत किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........अमर उजाला........
दिनांक 28.2.2020 ....... पृष्ठ सं. 6 ....... कॉलम 6

# विद्यार्थियों को दिए करियर संबंधी टिप्स



**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय में करिअर एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा व्यक्तित्व विकास विषय पर 14 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया थे। मुख्य अतिथि डॉ. दहिया ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन मेहनत, दृढ़ निश्चय व सकारात्मक दिशा व दशा को आधार बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि 'कर-कर के सीखने' वाली विधि से ही जीवन में सतत प्रयास करने की प्रेरणा मिलती है, जो सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने इस कार्यशाला के सफल समापन पर 22 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट वितरित किए। करियर व प्लेसमेंट सेल के सहायक छात्र कल्याण निदेशक डॉ. ओमेन्द्र सांगवान ने विद्यार्थियों को करियर से संबंधित विविध प्रकार के टिप्स प्रदान किए। कार्यशाला के कोर्स-को-ऑर्डिनेटर डॉ. देवेन्द्र सिंह ने बताया कि आधुनिक समय में इस प्रकार की कार्यशालाओं से विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास होता है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ वीर भूमि ........
दिनांक 28.2.2020 पृष्ठ सं. 16 कॉलम 8

## हकृवि में व्यक्तिव विकास पर प्रशिक्षण दिया

हिसार। हकृवि के छात्र कल्याण निदेशालय में करियर एंड प्लेसमेंट सैल द्वारा व्यक्तित्व विकास विषय पर चौदह दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया थें।

मुख्य अतिथि डॉ. दहिया ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन मेहनत, दृढ निश्चय व सकारात्मक दिशा व दशा को आधार बनाना चाहिए। उन्होनें इस कार्यशाला के सफल समापन पर 22 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेटस वितरित किए। कैरियर व प्लेसमेंट सेल के सहायक छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. ओमेंद्र सांगवान ने विद्यार्थियों को कैरियर से संबंधित विविध प्रकार के टिप्स प्रदान किये। कार्यशाला के कोर्स-कोर्डिनेटर डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि आधुनिक समय में इस प्रकार की कार्यशालाओं से विद्यार्थियों का चंहुमुखी विकास होता है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक जागरण....
दिनांक..28.2.2020.. पृष्ठ सं....17.... कॉलम....1....

**लक्ष्य प्राप्त करने को दृढ़ निश्चय जरूरी : डा. दहिया**

**हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय में करियर एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा व्यक्तित्व विकास विषय पर चौदह दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेंद्र सिंह दहिया रहे। मुख्य अतिथि डा. दहिया ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन मेहनत, दृढ़ निश्चय व सकारात्मक दिशा व दशा को आधार बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि 'कर-कर के सीखने' वाली विधि से ही जीवन में सतत प्रयास करने की प्रेरणा मिलती है जो सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने इस कार्यशाला के सफल समापन पर 22 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट्स वितरित किए। कैरियर व प्लेसमेन्ट सेल के सहायक छात्र कल्याण निदेशक, डा. ओमेन्द्र सांगवान ने विद्यार्थियों को करियर से संबंधित विविध प्रकार के टिप्स दिए। (जासं)

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ......नभ छोर......
दिनांक 27.2.2020 पृष्ठ सं. 7 कॉलम 1-4

# सकारात्मक दिशा व दशा को आधार बनाएं : दहिया

हिसार/27 फरवरी/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय में करिअर एंड प्लेसमेंट सैल द्वारा व्यक्तित्व विकास विषय पर चौदह दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि छात्र कल्याण निदेशक डॉ देवेंद्र सिंह दहिया ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन मेहनत, दृढ निश्चय व सकारात्मक दिशा व दशा को आधार बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि 'कर-कर के सीखने' वाली विधि से ही जीवन में सतत् प्रयास करने की प्रेरणा मिलती है जो सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने इस कार्यशाला के सफल समापन पर 22 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेटस विपरीत किये। करियर व प्लेसमेन्ट सैल के सहायक छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. ओमेन्द्र सांगवान ने विद्यार्थियों को करियर से संबंधित विविध प्रकार के टिप्स प्रदान किये। कार्यशाला के कोर्स-कोर्डिनेटर डॉ. देवेन्द्र सिंह ने इस कार्यशाला में होने वाली गतिविधियों पर आयोजित व्याख्यानों पर व्यवहारिक प्रकाश डालते हुए बताया कि आधुनिक समय में इस प्रकार की कार्यशालाओं से विद्यार्थियों का चंहुमुखी विकास होता है। इस अवसर पर स्वागत भाषण प्रीतम कुमार ने प्रस्तुत किया और धन्यवाद प्रस्ताव कुमारी राखी द्वारा किया गया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......सिटी पल्स......
दिनांक 27. 2. 2020 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 6-8

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में व्यक्तित्व विकास विषय पर चौदह दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



हिसार। व्यक्तित्व विकास विषय पर प्रशिक्षण के समापन पर उपस्थित मुख्यातिथि व अन्य।

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय में करियर एंड प्लेसमेंट सैल द्वारा व्यक्तित्व विकास विषय पर चौदह दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया थे।

मुख्य अतिथि डॉ. दहिया ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन मेहनत, दृढ निश्चय व सकारात्मक दिशा व दशा को आधार बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि 'कर-कर के सीखने' वाली विधि से ही जीवन में सतत् प्रयास करने की प्रेरणा मिलती है जो सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने इस कार्यशाला के सफल समापन पर 22 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेटस वितरित किए। करियर व प्लेसमेन्ट सैल के सहायक छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. ओमेन्द्र सांगवान ने विद्यार्थियों को कैरियर से संबंधित विविध प्रकार के टिप्स प्रदान किए।

कार्यशाला के कोर्स-कोर्डिनेटर डॉ. देवेन्द्र सिंह ने इस कार्यशाला में होने वाली गतिविधियों पर आयोजित व्याख्यानों पर व्यवहारिक प्रकाश डालते हुए बताया कि आधुनिक समय में इस प्रकार की कार्यशालाओं से विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास होता है। इस अवसर पर स्वागत भाषण प्रीतम कुमार ने प्रस्तुत किया और धन्यवाद प्रस्ताव कुमारी राखी द्वारा किया गया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ अमर उजाला ........
दिनांक 28.2.2020 ........ पृष्ठ सं. 4 ........ कॉलम 1-2 ........

## मानसिक और भावनात्मक विकास पर बल दें स्वयंसेवक : डॉ. देवेंद्र दहिया



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय(एचएयू) के राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से वीरवार को गांव शाहपुर में सात दिवसीय वार्षिक शिविर हवन के साथ शुरू किया गया। शिविर में विवि के अधिकारी व स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र दहिया थे। इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. जीत राम शर्मा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र सैनी, राजकीय प्राथमिक पाठशाला के मुख्य अध्यापक सूबे सिंह व अध्यापक कौहर सिंह उपस्थित थे। इस शिविर में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए जीवन में भौतिकवाद से ऊपर उठकर अपने मानसिक, भावनात्मक विकास करने पर बल दिया। डॉ. जीत सिंह शर्मा ने स्वयंसेवकों के अनुशासन की प्रशंसा की। विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समंवयक डॉ. भगत सिंह ने शिविर की विविध गतिविधियों के बारे में बताया जिनमें मुख्य रूप से पौधरोपण, स्वच्छता रैली, श्रमदान व सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं सम्मलित हैं। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय की एनएसएस अधिकारी डॉ. प्रियंका व गृह विज्ञान महाविद्यालय की डॉ. पारूल भी उपस्थित थी।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर

दिनांक 28.2.2020 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 5-6

# एनएसएस शिविर में बच्चों को दी जानकारी




**हिसार** | एचएयू के राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से सात दिवसीय वार्षिक शिविर गांव शाहपुर में हवन से शुरू किया गया। पहले दिन पौधरोपण, श्रमदान आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। शिविर में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए जीवन में भौतिकवाद से ऊपर उठकर अपने मानसिक, भावनात्मक व बुद्धिमत्ता का सर्वांगीण विकास करने पर बल दिया। जिसके माध्यम से समाज का चहुंमुखी विकास संभव है। डॉ. जीत सिंह शर्मा ने स्वयंसेवकों के अनुशासन की प्रशंसा करते हुए उन्हें शिविर को सफल बनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......हरि भूमि......

दिनांक...28 : 2 : 2020... पृष्ठ सं....14.... कॉलम.....1.....

## हकृवि एनएसएस इकाई का शाहपुर में कैंप आरंभ

हिसार। हकृवि के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय वार्षिक शिविर गांव शाहपुर में हवन यज्ञ द्वारा शुरू किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के अधिकारी, अन्य अतिथिगण व स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया थे। इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र सैनी, राजकीय प्राथमिक पाठशाला के मुख्य अध्यापक सुबे सिंह व अध्यापक कोहर सिंह उपस्थित थें। इस शिविर में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने स्वयंसेवको को प्रोत्साहित करते हुए, जीवन में भौतिकवाद से ऊपर उठकर अपने मानसिक, भावनात्मक व बुद्धिमत्ता का सवार्गीण विकास करने पर बल दिया जिसके माध्यम से समाज का चहुंमुखी विकास संभव है। डॉ. जीत सिंह शर्मा ने स्वयंसेवकों के अनुशासन की प्रशंसा करते हुए उन्हें शिविर को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया। विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. भगत सिंह ने शिविर की विविध गतिविधियों के बारे में बताया जिनमें मुख्य रूप से पौधारोपण, स्वच्छता रैली, श्रमदान व सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं सम्मलित हैं। उन्होने बताया कि इस प्रकार के शिविरों से स्वयंसेवकों में समाजिकता व कृषि संबंधित जागरूकता के साथ-साथ सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का सकारात्मक असर भी पडेगा। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय की एनएसएस अधिकारी डॉ. प्रियंका व गृह विज्ञान महाविद्यालय की डॉ. पारूल भी उपस्थित थी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक जागरण....
दिनांक 28.2.2020 पृष्ठ सं. 11 कॉलम 5

# जीवन में भौतिकवाद से ऊपर उठकर करें काम : डा. दहिया

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय वार्षिक शिविर गांव शाहपुर में हवन द्वारा शुरू किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के अधिकारी, अन्य अतिथिगण व स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया रहे। इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक डा. जीत राम शर्मा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चन्द्र सैनी, राजकीय प्राथमिक पाठशाला के मुख्य अध्यापक सूबे सिंह व अध्यापक कौहर सिंह उपस्थित रहे। शिविर में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. दहिया ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए, जीवन में भौतिकवाद से ऊपर उठकर अपने मानसिक, भावनात्मक व बुद्धिमत्ता का सर्वांगीण विकास करने पर बल दिया, जिसके माध्यम से समाज का चहुंमुखी विकास संभव है। डॉ. जीत सिंह शर्मा ने स्वयंसेवकों के अनुशासन की प्रशंसा करते हुए उन्हें शिविर को सफल बनाने के लिये मार्गदर्शन प्रदान किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......अमर उजाला......
दिनांक....28. 2. 2020.... पृष्ठ सं....6.... कॉलम....1-2....

## रोबोटिक्स व स्वचालन पर प्रशिक्षण शुरू



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के तहत छात्रों के लिए रोबोटिक्स और स्वचालन पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मानव संसाधन प्रबंधन के निदेशक डॉ. एमएस सिद्धपुरिया ने किया। इस मौके पर उन्होंने कृषि में रोबोटिक्स और स्वचालन के महत्व के बारे में जानकारी दी और इस्तेमाल करने की विधि बताई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. मुकेश जैन ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में पांच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........नभ छोर........

दिनांक....27.2.2020.... पृष्ठ सं.....3..... कॉलम.....1-4.....

# हकृवि में विद्यार्थियों को रोबोटिक्स प्रशिक्षण दिया

हिसार/27 फरवरी/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के तहत विद्यार्थियों के लिए रोबोटिक्स और स्वचालन पर एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक, मानव संसाधन प्रबंधन, डॉ. एमएस सिद्धपुरिया ने किया। उन्होंने कृषि में रोबोटिक्स और स्वचालन के महत्व को बताया और इसके इस्तेमाल करने की विधि बताई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष के दौरान इस तरह के पांच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जोकि भविष्य में विद्यार्थियों के लिए यह बहुत ही कारगर साबित होंगे।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......पाठक पक्ष......

दिनांक...27.2.2020... पृष्ठ सं....2.... कॉलम....1-2....

# रोबोटिक्स और ऑटोमेशन पर प्रशिक्षण का उद्घाटन



हिसार, 27 फरवरी (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के तहत छात्रों के लिए रोबोटिक्स और स्वचालन पर एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक, मानव संसाधन प्रबंधन, डॉ. एम.एस. सिद्धपुरिया ने किया। उन्होंने कृषि में रोबोटिक्स और स्वचालन के महत्व को बताया और इसके इस्तेमाल करने की विधि बताई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. मुकेश जैन ने किया कि इस वित्तीय वर्ष के दौरान इस तरह के पांच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जायेगें जोंकि भविष्य में छात्रों के लिए यह बहुत ही कारगर साबित होगा।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम सिटी पल्स
दिनांक 27. 2. 2020 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 3-4

# रोबोटिक्स और ऑटोमेशन पर प्रशिक्षण का उद्घाटन



*हिसार। प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए डॉ. एम.एस. सिद्धपुरिया।*

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के तहत छात्रों के लिए रोबोटिक्स और स्वचालन पर एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक, मानव संसाधन प्रबंधन, डॉ. एम.एस. सिद्धपुरिया ने किया। उन्होंने कृषि में रोबोटिक्स और स्वचालन के महत्व को बताया और इसके इस्तेमाल करने की विधि बताई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. मुकेश जैन ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के दौरान इस तरह के पांच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जो कि भविष्य में छात्रों के लिए कारगर साबित होंगे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम..........सिटी पल्स..........
दिनांक 27.2.2020 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 5:8

# हकृवि में प्लांट जीनोमिक्स- 2020 पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान और मानविकी महाविद्यालय में प्लांट फिजियोलॉजी विभाग द्वारा प्लांट जीनोमिक्स- 2020 पर दस दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि पर्यावरण विज्ञान विभाग, ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड के डॉ. यूजस्टर वर्नर थे। उन्होंने कहा कि छात्रों को छोटी और सस्ती तकनीकों को इस्तेमाल करके ऐसे नये उपकरण बनाने चाहिए जो कि किसान अपनी कृषि में आने वाली बीमारियों के बारे में जान सकें और उनके उपायों का समाधान कर सकें। उन्होंने फसल की समग्र अभिव्यक्ति में सूक्ष्म जलवायु की भूमिका को समझाया।



*हिसार। पुस्तिका का विमोचन करते मुख्य अतिथि व अन्य।*

कार्यक्रम के दौरान, डॉ. वर्नर, डॉ. केडी शर्मा, डॉ. श्रीदेवी, डॉ. हमिरा सोनह और डॉ. रूपेश देशमुख द्वारा जीबीएस, जीडब्ल्यूएएस और जीनोमिक चयन पर प्रशिक्षण पुस्तिका का विमोचन किया गया। निदेशक, आरडीएस, डॉ. केडी शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया उन्होनें प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वह सिलिको विश्लेषण के बारे में जानकर जिसका उपयोग अजैविक तनाव सहिष्णुता के लिए महत्वपूर्ण लक्षणों को जानने के लिए किया जा सकता है और भविष्य में अधिक सहयोग की उम्मीद की जा सकती है।

यह दस दिवसीय कार्यशाला, स्पार्क प्रोजेक्ट 'एडवांसिंग जीनोटाइपिंग ऑन सीक्वेंसिंग, जीनोम-वाइड एसोसिएशन स्टडी, और जीनोमिक सलेक्शन फॉर द कॉम्प्लेक्स ट्रिट फॉर स्ट्रेस-टॉलरेंस एंड यील्ड इन सोयाबीन' के अन्तर्गत किया जा रहा है। कार्यशाला का आयोजन कनाडा के क्यूबेक के लावल विश्वविद्यालय के डॉ. एस एम शिवराज की देखरेख में किया जा रहा है। कार्यशाला में क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से कुल 32 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। फिजियोलॉजी विभाग के वैज्ञानिक व कार्यशाला के संयोजक डॉ. विनोद गोयल ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम.......मेरा स्टोर.......
दिनांक 27. 2. 2020 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 4-6

# सस्ती तकनीक से उपकरण बनाएं ताकि कृषि रोगों का समाधान हो सके : कार्यशाला



हिसार/27 फरवरी/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान और मानविकी महाविद्यालय में प्लांट फिजियोलॉजी विभाग द्वारा प्लांट जीनोमिक्स-2020 पर दस दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि पर्यावरण विज्ञान विभाग, ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड के डॉ. यूजस्टर वर्नर थे। उन्होंने कहा कि छात्रों को छोटी और सस्ती तकनीकों को इस्तेमाल करके ऐसे नये उपकरण बनाने चाहिए जो कि किसान अपनी कृषि में आने वाले रोगों और बीमारियों के बारे में जान सकें और उनके उपायों का समाधान कर सकें। उन्होंने फसल की समग्र अभिव्यक्ति में सूक्ष्म जलवायु की भूमिका को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में डॉ. केडी शर्मा, डॉ. श्रीदेवी, डॉ. हमिरा सोनह और डॉ. रूपेश देशमुख द्वारा जीबीएस, जीडब्ल्यूएएस और जीनोमिक चयन पर प्रशिक्षण पुस्तिका का विमोचन किया गया। निदेशक, आरडीएस, डॉ. केडी शर्मा ने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वह सिलिको विश्लेषण के बारे में जानें जिसका उपयोग अजैविक तनाव सहिष्णुता के लिए महत्वपूर्ण लक्षणों को जानने के लिए किया जा सकता है और भविष्य में अधिक सहयोग की उम्मीद की जा सकती है। यह दस दिवसीय कार्यशाला, स्पार्क प्रोजेक्ट 'एडवांसिंग जीनोटाइपिंग ऑन सीक्वेंसिंग, जीनोम-वाइड एसोसिएशन स्टडी, और जीनोमिक सलेक्शन फॉर द कॉम्प्लेक्स ट्रिट फॉर स्ट्रेस-टॉलरेंस एंड यील्ड इन सोयाबीन' के अन्तर्गत किया जा रहा है। कार्यशाला का आयोजन कनाडा के क्यूबेक के लावल विश्वविद्यालय के डॉ. एसएम शिवराज की देखरेख में किया जा रहा है। कार्यशाला में क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से कुल 32 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। फिजियोलॉजी विभाग के वैज्ञानिक व कार्यशाला के संयोजक डॉ. विनोद गोयल ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....पंजाब केसरी....
दिनांक..27. 2. 2020...... पृष्ठ सं......2...... कॉलम....3-5....

# कृषि स्नातकों को विदेशों में उच्चतर शिक्षा के लिए मार्गदर्शन



हिसार, 27 फरवरी (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के आनुवंशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा पोषित आईडीपी (एनएएचईपी-आईडीपी) परियोजना के तहत कृषि स्नातकों को विदेशों में उच्चतर शिक्षा ग्रहण करने के अवसर एवं मार्गदर्शन विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ वैज्ञानिक, एबटस्टविथ विश्वविद्यालय, ग्रेट ब्रिटेन के डॉ. रतन सिंह यादव थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसंधान निदेशक, डॉ. एसके सहरावत ने की। डॉ. रतन सिंह यादव ने विद्यार्थियों को विदेशों विशेषतया ब्रिटेन में उच्च शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। डॉ. एसके सहरावत ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि परम्परागत शिक्षा पद्धति से हटकर विदेशों में उपलब्ध उच्च शिक्षा के अवसरों के बारे में उन्हें जागरूक रहने की जरूरत है व सलाह दी की भारत सरकार व अन्य स्रोतों से उपलब्ध विभिन्न छात्रवृतियों का समुचित लाभ उठाएं। विश्वविद्यालय भी अपने स्तर पर छात्रों एवं शिक्षकों को उच्च शिक्षा एवं प्रशिक्षण हेतु समय-समय पर विदेशों की अग्रणी शिक्षण संस्थाओं में भेज रहा है। कार्यक्रम के शुरूआत में विभागाध्यक्ष डॉ. ए.के. छाबड़ा ने सभी उपस्थित छात्रों एवं शिक्षकों का स्वागत किया और एचएयू के विद्यार्थियों का अन्तरराष्ट्रीय स्तर के अनुसंधान में योगदान पर प्रकाश डाला। मंच संचालन सहायक वैज्ञानिक, बाजरा अनुभाग, डॉ. देवव्रत, ने किया जोकि डॉ. रतन यादव के साथ इंडिया-डूयओ परियोजना का संचालन कर रहे हैं। इस अवसर पर एसोसिएट डीन, डॉ. आरके गोदारा एवं बाजरा अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. एसके पाहूजा उपस्थित रहे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......दैनिक जागरण......
दिनांक..28.2.2020..... पृष्ठ सं......20...... कॉलम.....4-6.....

# 2800 विद्यार्थियों ने दी सीबीएसई की 12वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा



सीबीएसई बारहवीं कक्षा के अंग्रेजी विषय की परीक्षा देकर एचएयू के कैंपस स्कूल में चेहरे पर मुस्कान लिए बाहर आते विद्यार्थी। • जागरण

**जागरण संवाददाता, हिसार:** सीबीएसई की ओर से बुधवार को जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर गुरुवार को 12वीं कक्षा में अंग्रेजी विषय की परीक्षा का आयोजन किया गया। जिले के आठ परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सुबह 10.30 से 1.30 बजे तक आयोजित की गई। करीब 2800 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी। परीक्षा शांतिपूर्वक रही। इस दौरान सीबीएसई की फ्लाइंग टीमों की ओर से विभिन्न स्कूलों का दौरा कर जांच की गई। सीबीएसई की ओर से जिले में इस बार कुल आठ परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। शहर के ठाकुर दास भार्गव सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, कैंपस स्कूल, विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जिंदल माडर्न स्कूल, विद्या देवी जिंदल स्कूल, सेंट मैरी स्कूल, जीडी गोयंका स्कूल में परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन की ओर से परीक्षा केंद्रों के पास धारा 144 लागू की गई है। वहीं परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों से बात की गई तो परीक्षा को मुश्किल बताया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम.....अमर उजाला.....
दिनांक...28.2.2020.... पृष्ठ सं....2.... कॉलम...8....

## एनीमिया से बचाव को एचएयू ने तैयार किया अधिक लौह तत्व वाला बाजरा

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने बाजरे की ऐसी किस्म विकसित करने में सफलता हासिल की है, जिसमें आयरन की मात्रा साधारण बाजरे से कहीं अधिक है। इसके कारण यह बाजरा (एचएचबी 311 किस्म) मनुष्य के शरीर में रक्त की कमी को दूर करने में बेहद प्रभावशाली साबित होगा। वैज्ञानिकों के अनुसार बाजरे की इस एचएचबी 311 किस्म में लोहे की मात्रा 83 पीपीएम (पार्ट्स पर मिलियन) तक है। जबकि साधारण बाजरे में यह 50 से 60 पीपीएम तक ही होता है। यह किस्म विवि के वैज्ञानिक डॉ. रमेश कुमार, डॉ. देवव्रत यादव, अनिल कुमार, एलके चुघ, नरेंद्र सिंह, कुशल राज और आईसीआरआईएसएटी के वैज्ञानिक डॉ. गोविंद राज और आनंद कानाटी ने विकसित की थी। ब्यूरो

### ऐसे होगा फायदा

वैज्ञानिकों की इस सफलता के बाद सरकार बाजरे को राशन की दुकानों और मिड डे मिल जैसी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित कर सकती है।